**MOST IMMEDIATE**
**MEETING NOTICE**

No. TBD (A) 4-3/2015-I-loose
Government of Himachal Pradesh
Tribal Development Department.

Form

The Chief Secretary (T.D.)
Government of Himachal Pradesh.

To

1. The Additional Chief Secretaries( )to the Govt. of H.P
2. The Principal Secretaries( ) to the Govt. of H.P
3. The Secretaries ( ) to the Govt. of H.P
4. The Director General of Police, Nigam Vihar,Shimla-171002
5. The Principal Chief Conservator of Forests, H.P, Talland , Shimla-171002.
6. The E-in-C, PWD, Nigam Vihar,Shimla-171002.
7. The E-in-C, IPH, U. S. Club,Shimla-171001.
8. The Director (SJ&E) /MPP&Power/ PanchaytyRaj/AH/ IT/Rev/Health/ Ayurveda/ RDD / YSS/Higher Education/ Elementry Edu/TPT/Ind/ Tourism/ LAC/Ayurveda/Revenue/Sci.Tec./TPT/Himurja)H.P, Shimla.
9. The D.C.Kangra/,Chamba/Sirmour/Lahaul& Spiti/Kinnaur, H.P.
10. The Chairman, HPSEB, Vidyut Bhawan, Kumar House Shimla-4.
11. The Managing Director, HRTC .Shimla-171001.
12. The Additional Commissioner (TD) Bijlani House Chhota Shimla-2.
13. The Chief Eng.BSNL Kasumpati Shimla-9.

Dated Shimla-2. the 10th January,2017.

Subject: - **Regarding 17th meetings of Gaddi Kalyan Board.**

Sir,

I am directed to say that the 17th meeting of Gaddi Kalyan Board is scheduled to be held on 19.01.2016 at 02.30 PM. under the Chairmanship of Hon'ble Chief Minister, H P in Dharamshala, Distt. Kangra, H.P.during Winter Sojourn.

You are, therefore, requested to kindly send the replies of follow-up items of 15th and 16th meetings and the replies of 17th meeting pertaining to your department within three days to this department either through fax No. 2621154 (Sectt. Control Room) as well as through special messanger which stand already circulated to your goodself so that the replies of the department could be included in the agenda booklet. The booklet will be prepared accordingly and will be sent separately.

The venue will be intimated lateron with the forwarding letter of agenda booklet please.

You are also requested to kindly make it convenient to attend the said meeting on schedule date, time and venue accordingly please.

Yours faithfully,

Sd/-

(Pramod Singh Chauhan)
Under Secretary (TD) to the
Government of Himachal Pradesh

No. TBD(A)4-3/2015-I-Loose. Dated Shimla-2, the 10th January, 2017.

Copy forwarded to:-

1. The Additional Commissioner (T.D), Bijlani House, Shimla-2 for favour of information and necessary action. He is requested to make necessary Boarding and Lodging arrangements to the non-official members of Gaddi Kalyan Board who are participating in the aforesaid meeting as well as all other arrangements related to this meeting please.

2. The AC to DC. Dharamshala Distt. Kangra(H.P.) with the request that venue of the meeting may kindly be decided and intimated to this office urgently please.

3. The Project Officer, ITDP, Bharmour/ Pangi, District Chamba, (HP) for information and necessary action. They are requested to contact/intimate all the non-official members of Gaddi Kalyan Board of their respective ITDP's to attend the aforesaid meeting on scheduled date, time and venue.

4. The Director, All India Radio for vide publicity please.

Sd/-

(Pramod Singh Chauhan)
Under Secretary (TD) to the
Government of Himachal Pradesh

हिमाचल प्रदेश गद्दी कल्याण बोर्ड की 16वीं बैठक की अनुवर्ती मद्दें एवं 17वीं बैठक के लिए नई मद्दों का विभागबार ब्यौरा।

| क0स0 | विभाग का नाम | अनुवर्ती मद्दें | नई मद्दें |
|---|---|---|---|
| 1 | लोक निर्माण | 1,6,7,8 | 12,13,14,15,16,17,18,19,20,21,22,23,24,25,26,30,40,58 |
| 2 | वन | | 22,33,34,45,47,49,50,51,57 |
| 3 | स्वास्थ्य | 9 | 31 |
| 4 | सिंचाई एवं जन स्वास्थ्य | 2 | 1,2,3,4,5,6,7,8,9,10,11,48,55 |
| 5 | प्रारम्भिक शिक्षा | 3,12,13 | 27,28,29,40 |
| 6 | उच्च शिक्षा | 11,12 | 27,28,29,52 |
| 7 | पशुपालन | | 56 |
| 8 | विद्युत | 5,14 | 5,43 |
| 9 | समाजिक न्याय एवं अधिकारिता | | 32,53 |
| 10 | पंचायती राज | | 19,35,41,42 |
| 11 | सूचना एवं प्रोद्यौगिकी | | 39 |
| 12 | राजस्व | | 37,38,59 |
| 13 | आयुर्वेदा | 9,10 | 36 |
| 14 | ग्रामीण विकास | | 35,42,44 |
| 15 | पर्यटन | | 26 |
| 16 | भाषा कला संस्कृति | | 26,40 |
| 17 | सामान्य प्रशासन | | 39 |
| 18 | जन जातीय विकास | | 40 |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 19 | परिवहन | | 54 |
| 20 | हिमऊर्जा | 5,14 | 43 |
| 21 | दूरसंचार | | 39 |
| 22 | उपायुक्त कांगड़ा | 5 | 20,25,42,44 |
| 23 | उपायुक्त चम्बा | 4 | 1,2,3,12,13,17,18,24,33,35,37,38,40,45,46,47,48,49,59 |

# गद्दी कल्याण बोर्ड की 16वीं बैठक की अनुवर्ती मद्दें।

1 **सड़क का निर्माण सर्वे अनुसार न होने बारे ।**

जिला चम्बा के लोक निर्माण विभाग मण्डल डलहौजी के उपमण्डल चुवाड़ी के अन्तर्गत चुवाड़ी से महिन्द्रहार, गगाहर का निर्माण हुआ है। महिन्द्रहार, गगाहर सड़क (जीरो) पवाइन्ट से 2.800 कि0मी0 का निर्माण सही सर्वे पर हुआ है। आगे 2.800 कि0मी0 से 5.0 कि0मी0 तक का निर्माण विभाग ने स्थानान्तरित जमीन की बजाय और जगह में किया है। जहां वन विभाग द्वारा हरे वृक्षों का कटान किया गया उस जगह से नहीं हुआ । क्योंकि इस सड़क के निर्माण के लिए श्री बैहमी राम, कीमत राम, चैनो, उतमों, चुहड़, भजनो आदि ने अपनी निजी भूमि सड़क बनाने हेतु दी थी लेकिन इन लोगों को सड़क सुविधा से वंचित रखा गया है जिन लोगों की भूमि लोक निर्माण विभाग के नाम स्थानान्तरित हो चुकी है सभी S.T परिवार से है।

**विक्रम सिंह, पूर्व प्रधान भटियात,चम्बा**
**लोक निर्माण**

**निर्णयः—चर्चा उपरान्त अध्यक्ष महोदय ने विभाग को निर्देश दिए कि सदस्य को साथ लेकर स्थल का पुनः निरीक्षण करे।**

**विभागीय उत्तरः**—विभाग वस्तुस्थिति से बैठक में अवगत करवाएगा।

2 **इन्दौरा बार्ड में पांच नलकूप लगवाने बारे ।**

ग्राम पंचायत गगवाल विकास खण्ड इन्दौरा के बार्ड संख्या 8,9,10 में 95 % आवादी अनुसूचित जाति तथा अनुसूचित जन जाति के लोगों की है इनकी 100 हैक्टेयर से अधिक बंजर वरानी भूमि को सिंचित करने के लिए लगभग पांच नलकूप ( Tubewell) लगाने की आवश्यकता है, ताकि यहां के लोग भी अपने खेतों में रोजी रोटी कमाकर अपना गुजारा कर सके ।

**धर्म सिंह जंगल थवकौर,नूरपुर**
**सिंचाई एवं जन स्वास्थ्य**

**निर्णयः—चर्चा उपरान्त अध्यक्ष महोदय ने विभाग को निर्देश दिए कि विभाग सदस्य को साथ लेकर एक महीने में किसी अन्य जगह को चिन्हित करें और निरीक्षण कर एक महीने मे रिपोर्ट भेजें।**

**विभागीय उत्तरः**—ग्राम पंचायत गगवाल में बार्ड न0 8 बार्ड न0 9 व बार्ड 10 में नलकूप लगवाने के लिए भू—जल विज्ञानी व सदस्य गद्दी कल्याण बोर्ड श्री धर्म सिंह के साथ दिनांक 01—09—2016 को नलकूप लगवाने हेतु स्थान का निरिक्षण किया गया। भू—जल विज्ञानी की सूचना अनुसार प्राक्कलन तैयार कर दिया जाएगा। प्राक्कलन की स्वीकृति तथा धन की उपलब्धता उपरान्त आगामी कार्यवाही अमल में लाई जायेगी।

3 **राजकीय प्राथमिक पाठशाला कुलानी को चालू करने बारे।**

ग्राम पंचायत चान्दपुर विकास खण्ड भवासा एक गद्दी बाहुल्य क्षेत्र है। इस क्षेत्र में एक राजकीय प्राथमिक पाठशाला कुलानी शिक्षा खण्ड पंचरूखी को पिछली सरकार ने बन्द कर दिया था जिसमें सभी बच्चे गद्दियों के पढ़ते थे । अब इन बच्चों को स्कूल के लिए लगभग तीन कि0मी0 का सफर तय करके जाना पड़ता है । जगह जगह नाले व दरिया को पार करना पड़ता है जिससे बच्चों को बड़ी कठिनाई का सामना करना पड़ता है । अतः सरकार से अनुरोध है कि इस स्कूल को जल्दी से दुबारा चालू किया जाए।

**कमला देवी पालमपुर, कांगड़ा**

**निर्णयः— पिछली बैठक में चर्चा उपरान्त अध्यक्ष महोदय ने विभाग को निर्देश दिऐ कि प्राथमिक पाठशाला इसी शिक्षा सत्र में खोल दी जाए।**

**विभागीय उत्तरः**—राजकीय प्राथमिक पाठशाला कुलानी को पुनः चालू करने बारे सरकार को इस निदेशालय द्वारा दिनांक 08—02—2016 को सर्वे रिपोर्ट से अवगत करवा दिया गया है। इस सन्दर्भ में उप शिक्षा निदेशक प्रारम्भिक कांगड़ा से प्राप्त सूचना अनुसार वहां पर केवल 8 छात्र ही दाखिला लेने हेतु तैयार है जवकि नियमानुसार कम से कम 10 छात्र स्कूल को पुनः खोलने हेतु आवश्यक है। अतः वर्तमान में यहां पर नियमानुसार पुनः पाठशाला को नहीं खोला सकता है।

4 **गांव हड़सर के अनुसूचित जन जाति के लोगों को जनजाति (ST) का दर्जा देने बारे।**

गांव हड़सर में अनुसूचित जनजाति के लगभग 150 परिवार रहते हैं लेकिन इन्हें जनजाति का दर्जा प्राप्त नहीं है। अतः निवेदन है कि इन परिवारों को भी जनजाति का दर्जा दिया जाए ताकि ये भी ST को मिलने वाली सुविधा का लाभ उठा सके।

**जोगिन्द्र शर्मा, हड़सर जिला चम्बा**
**उपायुक्त चम्बा**

**निर्णयः— पिछली बैठक में चर्चा उपरान्त यह निर्णय लिया गया कि प्रभावित व्यक्ति आवश्यक दस्तावेजों सहित उपायुक्त,चम्बा को प्रस्तुत करेंगे। उपायुक्त चम्बा मामले के परीक्षण पश्चात उचित प्रस्ताव अपनी सिफारिशों सहित अतिरिक्त मुख्य सचिव(राजस्व) को भजेंगे।**

**विभागीय उत्तरः**—उपायुक्त चम्बा वस्तुस्थिति से बैठक में अवगत करवाऐंगे।

## 5 निजी कम्पनियों को LADA का पैसा जमा करवाने हेतु आदेश देने बारे।

ग्राम पंचायत थला व बन्दला में निजी कम्पनियों द्वारा जल विद्युत परियोजनाओं का निर्माण किया गया है। सुभाष प्रोजेक्ट मारकिटिंग लि0 द्वारा 4.5 मैगावाट व ओम पावर कारपोरेशन द्वारा 15 मेगावाट व हाईड्रो प्रोजैक्ट बनाये हैं। इन परियोजनाओं की C.O.D भी हो चुकी है। निजि कम्पनियों द्वारा विद्युत उत्पादन भी किया जा रहा है। उक्त कम्पनियों द्वारा LADA का अब तक बहुत कम पैसा जमा करवाया है तथा बाकि पैसा जमा करवाने में टाल मटोल कर रहे हैं। दोनों पंचायतों में लगभग 80 प्रतिशत लोग गद्दी समुदाय के रहते हैं। माननीय मुख्य मन्त्री महोदय से आग्रह किया जाता है कि उक्त दोनों कम्पनियों को LADA का पैसा जमा करवाने के लिए आदेश दिए जाएं ताकि स्थानीय पंचायतों में विकास कार्य को प्रगति मिल सके।

कुलदीप कपूर, कण्डी पालमपुर, कांगड़ा
विद्युत एवं वहुउदेशिय परियाजनाएं/उपायुक्त कांगड़ा

**निर्णयः– पिछली बैठक में बैठक में चर्चा उपरान्त अध्यक्ष महोदय ने उपायुक्त चम्बा एवं कांगड़ा को LADAकी रिपोर्ट एक सप्ताह के भीतर अतिरिक्त मुख्य सचिव (विद्युत) को भेजने के निर्देश दिए तदानुसार अतिरिक्त मुख्य सचिव (विद्धुत) मामले में आगामी आवश्यक कार्यवाही करें।**

**विभागीय उत्तरः**–हिमऊर्जा द्वारा गद्दी कल्याण बोर्ड की 15वीं बैठक के लिए सदस्यों से प्राप्त कार्यसूची के मद संख्याः 16वीं बैठक की मद संख्याः 14 के सदर्भ में उपमण्डलाधिकारी (ना) पालमपुर जिला कांगड़ा से दिनांक 03–01–2015 को प्राप्त सूचना के आधार पर मैसर्ज औम पावर कम्पनी को दिनांक 15–01–2015 को LADF की वकाया राशि जमा करवानेहेतु आग्रह किया गया तथा प्रवन्ध निदेशक,हिमाचल प्रदेश राज्य विद्युत परिषद्व लिमिटिड को भी आग्रह किया गया कि कम्पनी के विद्युत उत्पादन के विलों से LADF की राशि काट कर उपमण्डलाधिकारी (ना) पालमपुर, जिला कांगड़ा को भेज दी जाए। इसी पत्र के सन्दर्भ में उप मण्डलाधिकरी (ना) पालमपुर जिला कांगड़ा ने भी सम्बन्धित कम्पनियों को वकाया राशि जमा करने हेतु पत्र दिनांक 27–01–2015 के माध्यम से आग्रह किया। इसी सन्दर्भ में हिमाचल प्रदेश राज्य विद्युत परिषद लिमिटिड ने अपने पत्र दिनांक 01–01–2016 जो कि अतिरिक्त मुख्य सचिव विद्युत को सम्वोधित था में यह सपष्ट किया था कि जो विधुत क्रय अनुवन्ध ( PPA) है उसके तहत **LADA की राशि को** Energy Bills से वसूलने का कोई प्रावधान नहीं है तथा इस सन्दर्भ में आवश्यक कार्यवाही राज्य स्तरिय नोडल एजैंसी द्वारा की जानी है जो कि ऊर्जा निदेशालय, हिमाचल प्रदेश है। इसके जवाव में हिमऊर्जा द्वारा अपने पत्र सं0 354 दिनांक 14–01–2016 के मध्यम से हिमाचल प्रदेश राज्य विद्युत परिषद्व लिमिटेड को यह वताया गया था कि यदि किसी निजी कम्पनी

ने सरकार का कोई वकाया राशि देनी हो तो उसे उक्त कम्पनी को देय किसी भी राशि से काटा जाना सरकारी नीति के विरूद्ध नहीं होगा। हिमाचल प्रदेश राज्य विद्युत परिषद्व लिमिटेड से यह भी अनुरोध किया गया था कि **LADA** की राशि जमा न करवाने पर इन परियोजनाओं से उत्पादन को रोका जाए। हिमऊर्जा द्वारा 16 बीं बैठक के कार्यवाही विवरण की मद संख्या 48 पर नियमानुसार सम्वधित जल विद्युत परियोजनाओं नामतः आवा ( 4.50 मैगावाट) न्यूगल–11(4.5 मैगावाट) व न्यूगल (15 मैगावाट) की फाईनल लागत सूचित करने हेतु सचिव हिमाचल प्रदेश विद्युत विनायक आयोग,शिमला को पत्र दिनांक 24–02–2016 के माध्यम से अनुरोध किया गया जिसकी प्रति ऊर्जा निदेशालय, हिमाचल प्रदेश, शिमला को परियोजनाओं की फाईनल लागत सूचित करने हेतु पृष्ठांकित की गई। इसी क्रम में इस कार्यालय के पत्र दिनांक 04–05–2016 के माध्यम से पुनः सचिव, हिमाचल प्रदेश विद्युत नियामक आयोग,शिमला को सम्बन्धित परियोजना की फाईनल लागत सूचित करने हेतु अनुरोध किया गया जिसकी प्रति ऊर्जा निदेशालय, हिमाचल प्रदेश,शिमला, जिलाधीश कांगड़ा व उपमण्डलाधिकारी (ना0) पालमपुर, जिला कांगड़ा को पृष्ठांकित की गई है। जिलाधीश कांगड़ा, उपमण्डलाधिकारी (ना0) पालमपुर, जिला कांगड़ा से LADF के अन्तर्गत जमा करवाई जाने बाली कुल राशि,जमा करवाई गई राशि तथा शेष राशि का ब्यौरा उपलब्ध करवाने हेतु अनुरोध किया गया हैं। वांछित जानकारी की अभी प्रतिक्षा है। तथापि सम्बन्धित कम्पनियों द्वारा सुचित किया गया है कि आवा ( 4.50 मैगावाट) तथा न्यूगल–11 (4.5 मैगावाट) परियोजनाओं हेतु लाडा के अन्तर्गत क्रमशः 2.85 लाख तथा 8.81 लाख की धनराशि जमा की है। इन कम्पनियों द्वारा यह भी सूचित किया गया है कि परियोजना क्षेत्र में सार्वजनिक हित के कार्यों पर क्रमशः 48.37 लाख तथा 50.07 लाख की धनराशि खर्च की गई है जिसके लिए उनके द्वारा उपमण्डलाधिकारी (ना0) पालमपुर, जिला कांगड़ा को इस राशि का समायोजन LADF में करने का अनुरोध किया गया है।

**6 गांव एलननाली बाथड़ी से राजकीय माध्यमिक पाठशाला मलूंडा तक पक्की सड़क के निर्माण बारे।**

गांब एलननाली से राजकीय माध्यमिक पाठशाला मलूंडा तक पंचायत द्वारा जीप योग्य सड़क का निर्माण कार्य करवाया गया था जिसकी लम्बाई लगभग 1.5 कि0 मी0 है। पंचायत में उक्त सड़क के रख रखाव के लिए उचित बजट का कोई प्रावधान न होने के कारण यह सड़क बन्द पड़ी है इस सड़क के रख रखाव के कार्य को लोक निर्माण मण्डल डलहौजी उपमण्डल वनीखेत को सौंप दिया जाए और इसमें बजट का प्रावधान भी करवा दिया जाए ताकि यह सड़क पक्की बन सकें । अगर यह सड़क पक्की बन जाये तो बच्चों, बूढ़ों को काफी सुविधा हो जाएगी । इन गांवों में गद्दी समुदाय के लोग ही रहते हैं।

हेम राज वैरी,बाथरी,चम्बा
लोक निर्माण विभाग

**निर्णयः– पिछली बैठक में बैठक में चर्चा उपरान्त माननीय अध्यक्ष महोदय ने उपायुक्त चम्बा को सड़क को पक्का करवाने हेतु लोक निर्माण विभाग को धनराशि उपलब्ध करवाने के निर्देश दिए थे।**

**विभागीय उत्तरः**–विभाग वस्तुस्थिति से बैठक में अवगत करवाएगा।

7 **डलहौजी चम्बा मैन रोड़ से गांव कुन्हा तक जीप योग्य सड़क बनाने बारे।**

डलहौजी चम्बा मैन रोड़ से गांव कुन्हा तक जीप योग्य सड़क बनवाने की कृपा करें जिस पर लगभग दस लाख रूपये खर्च आने का अनुमान है।

सुनील कुमार,कोहलारी,चम्बा
लोक निर्माण विभाग

**निर्णयः– पिछली बैठक में बैठक में माननीय अध्यक्ष महोदय ने विभाग को निर्देश दिए कि यदि स्थानीय लोग गिफट डीड विभाग के नाम कर देते हैं तो विभाग प्राक्कलन बना कर अग्रिम कार्रवाई करें।**

**विभागीय उत्तरः**–विभाग वस्तुस्थिति से बैठक में अवगत करवाएगा।

8 **गुजरेड़ा में रेलवे लाईन के ऊपर से पुल बनाने बारे।**

गुजरेड़ा में जहां गद्दी समुदाय के लोग रहते हैं बहां से 61 मील की तरफ जो रास्ता जाता है वहां वीच में रेलवे लाईन है। अतः मेरा माननीय मुख्य मन्त्री महोदय से विनम्र प्रार्थना है कि रेलवे लाईन के उपर से पुल बनाने की कृपा करें।

**ओंकार सिंह, नगरोटा बगवां,कांगड़ा**
लोक निर्माण विभाग

**निर्णयः– पिछली बैठक में चर्चा के दौरान अध्यक्ष महोदय ने विभाग ने माननीय सदस्य के साथ सम्पर्क करके पुनः सर्वेक्षण के आदेश दिए थे।**

**विभागीय उत्तरः**–विभाग वस्तुस्थिति से बैठक में अवगत करवाएगा।

9 **धर्मकोट और भगसूनाग के बीच एलोपैथी डिस्पैंसरी खोलने बारे।**

धर्मकोट और भगसूनाग के बीच एलोपैथी डिस्पैंसरी खोलने की अति आवश्यकता है । बार्ड न0–1 धर्मकोट और बार्ड–2 भागसूनाग में लगभग 600 परिवार रहते हैं। अतः आपसे विनम्र अनुरोध है कि उक्त स्थान पर जनहित में एलोपैथी डिस्पैंसरी खोलने की कृपा करें।

तृप्ता देवी,धर्मकोट,धर्मशाला, कांगड़ा
स्वास्थ्य /आयुर्वेदा विभाग

**निर्णयः– पिछली बैठक में चर्चा के दौरान माननीय अध्यक्ष महोदय ने आयुर्वेदिक डिस्पैंसरी खोलने हेतु परीक्षण के आदेश दिए थे।**

**विभागीय उत्तर आयुर्वेदाः–** धर्मकोट व भागसूनाथ के बीच डिस्पैंस्री खोलने के बारे में मामला विभागीय पत्र दिनांक 16–05–2016 को प्रधान सचिव ( आयुर्वेदा) हिमाचल प्रदेश सरकार को प्रेषित कर दिया गया है। उक्त स्थान नवीन आयुर्वेदिक अधिकारी, स्वास्थ्य केन्द्र खोलने के राजकीय मानक पूर्ण नहीं करते है।

**10 ग्राम पंचायत ललोट बरोटी व गांव ब्याणा में आयुर्वेदिक डिस्पैंसरी खोलने बारे।**

ग्राम पंचायत ललोट बरोटी में आयुर्वेदिक डिस्पैंसरी की अति आवश्यकता है क्योंकि हमारी ग्राम पंचायत में कोई भी डिस्पैंसरी नहीं है । ईलाज करवाने के लिए बहुत दूर जाना पड़ता है। अतः हमारी ग्राम पंचायत ललोट बरोटी में आयुर्वेदिक डिस्पैंसरी खुलवाने की कृपा करें।

गांव ब्याणा में आयुर्वेदिक डिस्पैंसरी खुलने से पंचायत के 1000 लोग लाभाविंत होंगे। जिन्हें छोटी से छोटी बिमारी के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र सुण्डला या सलूणी जाना पड़ता है। इस डिस्पैंसरी का सर्वाधिक लाभ बहां के मिडल स्कूल में पढ़ रहे लगभग 300 बच्चों को मिलेगा किसी आपातकालीन दुर्घटना में डिस्पैंसरी में प्राथमिक सहायता का लाभ तत्तकालिक ले सकें।

भगत राम,सलूणी ,चम्बा
चतरो राम,सलूणी,चम्बा
आयुर्वेदा विभाग

**निर्णयः– पिछली बैठक में चर्चा के दौरान माननीय अध्यक्ष महोदय ने विभाग को मामले में पुनः सर्वेक्षण के आदेश दिए थे।**

**विभागीय उत्तरः**–विभागीय पत्र संख्याः अयुर.एच (एच)(11)–10/2002–13–11 (चम्बा)–5342 व 5343 दिनांक 31–03–2016 को प्रधान सचिव आयुर्वेद हिमाचल प्रदेश सरकार को प्रेषित कर दिया गया है। दोनों ही स्थान नवीन आयुर्वेदिक स्वास्थ्य केन्द्र खोलने के राजकीय मानक पूर्ण नहीं करते हैं।

11 **राजकीय उच्च पाठशाला पल्यूर में बौंडरी वाल लगवाने बारे।**

राजकीय उच्च पाठशाला पल्यूर के भवन के चारों ओर बौंडरी वाल लगवाने की कृपा करें।

जितेन्द्र सिंह,प्लयूर,चम्बा
उच्च शिक्षा विभाग

**निर्णयः– पिछली बैठक में चर्चा उपरान्त माननीय अध्यक्ष महोदय ने अतिरिक्त मुख्य सचिव शिक्षा को मामले में आगामी आवश्यक कार्यवाही कर रिपोर्ट माननीय मुख्य मन्त्री को प्रस्तुत करने को कहा था।**

**विभागीय उत्तरः**–सम्बन्धित उच्च शिक्षा निदेशक से पुनः प्रस्तावना सूचना प्राक्कलन तैयार कर इस निदेशालय को भेजने हेतु निर्देश दे दिए गये हैं। अतः सूचना प्राप्त होने पर आगामी कार्यवाही हेतु सम्बन्धित विभाग को भेज दी जाएगी।

12 **राजकीय माध्यमिक पाठशाला थल्ला ब्लाक औरा फाटी को अपग्रेड करने बारे।**
राजकीय माध्यमिक पाठशाला थल्ला ब्लाक औरा फाटी को अपग्रेड करने की कृपा करें।

देविन्दर शर्मा,भरमौर चम्बा
उच्च शिक्षा/प्रारम्भिक शिक्षा

**निर्णयः– पिछली बैठक में माननीय अध्यक्ष महोदय ने मामले कों परीक्षण पश्चात विभागीय नस्ति पर प्रस्तुत करने का निर्देश दिया था।**

**विभागीय उत्तरः**–राजकीय माध्यमिक पाठशाला थल्ला ब्लॉक औरा फाटी को स्तरोन्नत करने के सन्दर्भ में सूचित किया जाता है कि राजकीय माध्यमिक पाठशाला थल्लां में आठवीं कक्षा में शिक्षा ग्रहण कर रहे बच्चों की संख्याः 04 है तथा पास की राजकीय उच्च पाठशाला की दूरी 04 कि0मी0 है जोकि विभागीय मापदण्डो को पूर्ण नहीं करती है।

13 **माधोनगर (उतराला) के अन्तर्गत राजकीय प्राथमिक पाठशाला लोट को माध्यमिक स्तर का दर्जा देने बारे।**

ग्राम पंचायत माधोनगर ( उतराला) के अन्तर्गत राजकीय प्राथमिक पाठशाला लोट को माध्यमिक स्तर का दर्जा दिया जाए महोदय जी यह गांव अति पिछड़ा हुआ दूर दराज पहाड़ी क्षेत्र पर स्थित है इस गांव लोट, करोट की आबादी लगभग 1000 ( एक हजार) के करीव है वच्चों को करीव 8 कि0मी0 पैदल शिक्षा ग्रहण करने के लिये आना पड़ता है।

मोहिन्दर सिंह,उतराला,वैजनाथ, कांगड़ा
प्रारम्भिक शिक्षा

**निर्णयः– पिछली बैठक में चर्चा के दौरान माननीय अध्यक्ष महोदय ने अतिरिक्त मुख्य सचिव शिक्षा को भौगोलिक परिस्थितियों के मध्यनजर मामले में पुनः परीक्षण करने के आदेश दिए थे।**

**विभागीय उत्तरः**–माधोनगर ( उत्तराला) के अन्तर्गत राजकीय प्राथमिक पाठशाला लोट को माध्यमिक स्तर का दर्जा देने बारे उप शिक्षा निदेशक प्रारम्भिक से प्राप्त सर्वे रिपोर्ट सरकार को दिनांक 09–02–2016 को भेजी जा चुकी है। पौषिक पा0 सहित लोट में पांचवी कक्षा में 16 बच्चे हैं तथा नजदीकी पा0 की दूरी 2 कि0मी0 है।

**14 पावर प्रोजैक्टों की फाईनल लागत बारे।**

पालमपुर उपमण्डल में स्थापित ओम पावर प्रोजेक्ट 15 मैगावाट और नन्यूग्ल पावर 4.5 मैगावाट व आवा पावर कम्पनी 4.5 मेगावाट के प्रोजेक्ट की फाईनल प्रोजेक्ट कोस्ट क्या है? क्या उन्होने लाडा का पैसा सरकार के पास जमा करवा दिया है। यदि नहीं करवाया है तो पहले की बैठक में मुख्य मन्त्री महोदय ने आदेश दिया था कि एनेरजी सैल से पैसा काट कर लाडा का पैसा पूरा किया जाये। क्या ऐसा हुआ है ध यदि हुआ है तो कितना पैसा काट कर सरकार के पास जमा है ? विदित रहे कि यह पावर प्रोजैक्ट वहां है जहां की 80 प्रतिशत जन संख्या गद्दी वाहुल है और उनके अधिकारों का हनन हो रहा है और विकास कार्य वाधित हो रहे है।

कुलदीप कपूर,पालमपुर,कांगड़ा
विद्युत विभाग/हिमऊर्जा विभाग

**निर्णयः– पिछली बैठक में चर्चा उपरान्त माननीय अध्यक्ष महोदय ने अतिरिक्त मुख्य सचिव विद्युत को मामले के समाधान हेतु आवश्यक कार्यवाही करने व रिपोर्ट प्रस्तुत करने के आदेश दिए थे।**

**विभागीय उत्तर हिमऊर्जा** :– हिमऊर्जा द्वारा बैठक में अध्यक्ष महोदय द्वारा दिए गये निर्देशानुसार हिमाचल प्रदेश विद्युत विनयामक आयोग, शिमला को दिनांक 24–02–2016 को सम्बन्धित जल विद्युत परियोजनाओं नामतः आवा ( 4.50मैगावाट) न्यूगल–11 ( 4.50 मैगावाट) व न्यूगल ( 15 मैगावाट) की फाईनल लागत उपलब्ध करवाने हेतु अनुरोध किया गया है जिसकी प्रति ऊर्जा निदेशालय, हिमाचल प्रदेश शिमला को भी परियोजनाओं की फाईनल लागत उपलब्ध करवाने हेतु पृष्ठांकित की गई है। इसी क्रम में हिमऊर्जा द्वारा दिनांक 04–05–2016 को पुनः सचिव हिमाचल प्रदेश विद्युत विनयामक आयोग, शिमला को सम्बन्धित परियोजनाओं की फाईनल लागत जल्द उपलब्ध करवाने अनुरोध किया गया है जिसकी प्रति ऊर्जा निदेशालय,हिमाचल प्रदेश शिमला जिलाधीश कांगड़ा तथा उप मण्डलाधिकारी (ना0) पालमपुर, जिला कांगड़ा को भी वांछित सूचना उपलब्ध करवाने हेतु पृष्ठांकित की गई है, जिसकी नवीनतम सूचना अभी तक उक्त

विभागों से प्राप्त नहीं हुई है। तथापि सम्बन्धित कम्पनियों द्वारा सूचित किया गया है कि संशोधित विस्तृत परियोजना परिवेदन अनुसार आवा ( 4.50 मैगावाट) तथा न्यूगल–11 ( 4.50 मैगावाट) की अनुमानित लागत क्रमशः 2873 लाख तथा 2853 लाख है। संचार लाईन का कार्य पूर्ण होने पर ही परियोजनाओं की कुल/ अन्तिम लागत का आक्कलन संभव होगा। सम्बन्धित कम्पनियों द्वारा यह भी सूचित किया गया है कि आवा ( 4.50 मैगावाट) तथा न्यूगल–11( 4.50 मैगावाट) परियोजनाओं हेतु लाडा के अन्तर्गत क्रमशः 2.85 लाख तथा 8.81 लाख की धनराशि जमा की है तथा परियोजना क्षेत्र में सार्वजनिक हित के कार्यों पर क्रमशः48.37 लाख तथा 50.07 लाख की धनराशि खर्च की गई है जिसके लिए उपमण्डलाधिकारी (ना0) पालमपुर जिला कांगड़ा को इस राशि का समायोजन LADF में करने का अनुरोध किया गया है।

# गद्दी कल्याण बोर्ड की 17वीं बैठक के लिए कार्यसूची मद्दें

1. **किड़ी के सघाणी नाला में चैक डैम लगवाने बारे।**
भारी वारिश के कारण हाल ही में किड़ी के सघाणी नाला में लोगों की जमीनों का काफी कटाव हुआ है तथा आस पास की जमीनों का भी काफी कटाव हुआ लगभग 20–25 जिमीनदारों की जमीनों का नुकसान हुआ है। तथा नाले के आस पास नीचे बस स्टैंड तक घर बने हुए हैं जिनको पानी बढ़ने से काफी खतरा रहता है। अतः महोदय से विनम्र निवेदन है कि उपरोक्त नाले में चैक डैम बनवाये जाएं ताकि भूमि कटाव को रोका जा सके।

**जग्गो राम, किड़ी,चम्बा**
**सिंचाई एवं जन स्वास्थ्य / उपायुक्त चम्बा**

**विभागीय उत्तर उपायुक्त चम्बाः–** उप मण्डल अधिकारी चम्बा / विकास अधिकारी मैहला को निर्देश दिए गये है कि प्रस्तावित कार्य का स्थल निरिक्षण करने के उपरान्त निरिक्षण रिपोर्ट व कार्य का प्राक्कलन तैयार कर इस कार्यालय को भेजें प्राक्कलन अनुसार राशि स्वीकृत कर दी जाएगी।

2 **काली नाले में चैक डैम लगवाने बारे ।**
ग्राम पंचायत पल्यूर के काली गांव में अभी हाल ही में बरसात के कारण बादल फटने से काली नाले में लोगों की जमीन को भारी नुकसान हुआ और मक्की की फसल बह गई और हल्का पटवारी से मौका भी करवाया है। लोगों को फसल का मुआवजा भी नहीं मिला है और न ही नाले में चैक डैम लगे है। अतः महोदय से प्रार्थना है कि काली नाले में चैक डैम लगवाये जाएं ताकि लोगों की जमीन बहने से बच जाए।

**जितेन्द्र सिंह, प्लयूर चम्बा**
**सिंचाई एवं जन स्वास्थ्य / उपायुक्त चम्बा**

**विभागीय उत्तर उपायुक्त चम्बाः–**उप मण्डल अधिकारी चम्बा / खण्ड विकास अधिकारी चम्बा को निर्देश दिये गये कि कि प्रस्तावित कार्य का स्थल निरिक्षण करने के उपरान्त निरिक्षण रिपोर्ट व कार्य का प्राक्कलन तैयार कर इस कार्यालय को भेजें प्राक्कलन अनुसार राशि स्वीकृत कर दी जाएगी।

3. **एस0टी0 बस्ती गांव दारू से कुण्डा तक सिंचाई कूहल का निर्माण करने बारे।**
कूहल के निर्माण से लगभग 25–30 परिवारों को इसका लाभ मिलेगा व 40–45 बीघा जमीन की सिंचाई की जा सकती है ताकि हमारे किसान साग,सब्जी–फलौरी कल्चर, पौली हॉउस आनाज की फसल व बागवानी आदि का कार्य करके अपने बच्चों की पढ़ाई व परिवार का खर्चा चला सकें। महोदय इसके लिये सिंचाई कूहल एस0 टी0 गांव ढारू से कुण्डा तक का निर्माण किया जाना अति आवश्यक है। इस कार्य पर अनुमानित पांच लाख रूपये व्यय होने की सम्भावना है।

**धर्म चन्द, साहो चम्बा**
**सिंचाई एवं जन स्वास्थ्य / उपायुक्त चम्बा**

**विभागीय उत्तर उपायुक्त चम्बाः—**खण्ड विकास अधिकारी चम्बा को निर्देश दिये गये कि कि प्रस्तावित कार्य का प्राक्कलन तैयार कर इस कार्यालय को भेजें प्राक्कलन प्राप्त होने पर बजट अनुसार राशि स्वीकृत कर दी जाएगी।

4. **सिलानाला से बैजनाथ तक सिंचाई एवं जन स्वास्थ्य विभाग की पाईप बदलने बारे।**
सिलानाला से बैजनाथ तक सिंचाई एवं जन स्वास्थ्य विभाग की पाईप गई है जो 40 वर्ष पुरानी हैं उसमें धरेड़ गांव में जन जातीय लोगों की जमीन जिसमें आवादी और मकान बने हुए हैं वहां से पाईप निकली हुई है। इससे जन जातीय लोग बहुत परेशान हैं यह पाईप लगभग 40—50 परिवारों की जमीन के नीचे से है इसके उपर कई मकान भी बने हैं पाईप गहरी होने से उस समय पता नहीं चला इसके उपर सरकारी उचित मुल्य की दुकाने भी बनी हुई है। इसके बारे में हमने कई बार सिंचाई एवं जन स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों से अनुरोध किया लेकिन निराशा ही हाथ लगी यह पाईप लगभग 500 मी0 है जो बदली जानी है बिना आवादी वाले ईलाको से लगभग छः वर्ष पहले पाईपें बदल चुकी हैं। अतः महोदय जी से अनुरोध है कि इस ईलाके की पाईपें बदलाने के निर्देश देने की कृपा करें।

मुन्शी राम,धरेड़ बैजनाथ
सिंचाई एवं जन स्वास्थ्य विभाग

5. **हैण्ड पम्प लगवाने बारे।**
ग्राम पंचायत गगवाल इन्दौरा ब्लाक के गद्दी गुज्जरो की नई बस्तियों में IPH स्कीम के इलावा पानी का कोई भी प्राकृतिक साधन नहीं है। जब भी पीने के पानी की स्कीम फेल हो जाती है इन लोगों को पानी 5 कि0मी0 की दूरी से लाना पड़ता है हमें लगभग 10 हैण्डपम्प लगवाने की कृपा करें ताकि हमें पीने का पानी उपलब्ध हो सके। साथ में पानी बहुत गहरा होने की वजह से बिजली के मीटर भी लगवाने की कृपा करें।

**धर्म चन्द,भदरोआ,नूरपुर कांगड़ा**
**सिंचाई एवं जन स्वास्थ्य/विद्युत विभाग**

6. **वरसाती पानी इक्कठा करने के लिए पक्के टैंक वनाने बारे**
ग्राम पंचायत गंगवाल के गद्दी गुज्जरों की बस्तियों में पानी के प्राकृतिक साधन न होने पर हमारे घरों की छत का बरसाती पानी इक्कठा करने के लिए पक्के टैंक वनवाने की कृपा करें ताकि आपातकाल में हम लोग उस पानी का इस्तेमाल कर के गुजारा कर सकें।

**धर्म चन्द,भदरोआ,नूरपुर कांगड़ा**
**सिंचाई एवं जन स्वास्थ्य**

7. **गैला/ गत्याणु में हैण्डपम्प लगवाने बारे।**
राजकीय प्राथमिक पाठशाला ब्रैहा जोकि ग्राम पंचायत राजपुरा में पड़ता है। उस पाठशाला के लिये सड़क में हैंड पम्प लगवाने की कृपा करे क्योंकि पाठशाला में पीने के पानी की बहुत समस्या है। गैला ,गत्याणु सड़क पर हैंण्ड पम्प लगाया जाए।

चैन लाल,राजपुरा,चम्बा
सिंचाई एवं जन स्वास्थ्य विभाग

8. **पानी की कूहल/पीने के पानी की सप्लाई ठीक ढंग से चलाने बारे।**
धनैटा,दरंग,घोरन के लिए जाने वाली कूहल कयूथ जो बाया गुजरेहड़ा हो कर चलती है जो माता चामुण्डा वाले दरिया से जिया डाढ़ हो कर आती है। यह पिछले कुछ वर्षों से न के बरावर चल रही है जिस कारण बहुत बड़ा क्षेत्र पानी के बगैर सूखे की मार झेल रहा है तथा इसका असर कई पंचायतों की फसल को सूखे से बरबाद कर रहा है। महोदय इस कूहल को पहले की तरह सुचारू रूप से चलाने की कृपा करें ताकि लाखों किसानो की फसल तबाह होने से बच सके इस कूहल के जंगल से गुजरने के कारण कई जंगली जानवर पशु पक्षी तथा पालतू मवेशी भी अपनी प्यास वुझाते हैं। इस कूहल के साथ –साथ गांव गुजरेड़ा के लिए पीने के पानी की छोटी लाईन है जो पिछले कुछ वर्षों से न के बराबर ही पानी की आपूर्ति करती है जिस कारण गुजरेहड़ा, अप्पर मल्लां में पानी की अति किल्लत है शीघ्र अतिशीघ्र कम से कम चार इंच की पाईप लाईन डाल कर पीने

के पानी की समस्या का समाधान करवाने की कृपा करें।

**ओंकार सिंह गुजरेड़ा कांगड़ा**
**सिंचाई एवं जन स्वास्थ्य विभाग**

9. **पटोला टीका धर्मशाला में पानी की पाईपें बदलने बारे।**
पटोला टीका धर्मशाला में एक किलो मीटर पेयजल पाईप 1935 में स्थानीय ठेकेदार र्स्वगीय श्री होडी राम ने बिछाई थी उसे बदलने की जरूरत है अतः बजट का प्रावधान किया जाए।

**शुभकरण कपूर,खनियारा, कांगड़ा**
**सिंचाई एवं जन स्वास्थ्य विभाग**

10. ब**काणी कूहल की मुरम्मत करवाने बारे।**
बकाणी कूहल में जितना भी पानी पीछे से आता है तीसरा हिस्सा भी आगे नहीं पंहुचता। जगह –जगह पर पानी लीक कर जाता है जिसके कारण स्थानीय लोगों की जमीन को काफी नुकसान होता है। अतः इस कूहल की मुरम्मत स्थानीय लोगो के हित में अति आवश्यक है।

**जोगिन्द्र पाल, बकाणी, चम्बा**
**सिंचाई एवं जन स्वास्थ्य विभाग**

**11. ग्राम पंचायत सिहवां विकास खण्ड रैत में एक हैण्डपम्प लगवाने बारे।**
ग्राम पंचायत सिहवां विकास खण्ड रैत में दो हैण्डपम्प लगाने की मांग की थी उसमें से एक लग गया था व दूसरा लगना था जो आज तक नहीं लगा है। अतः महोदय से प्रार्थना है कि इस हैण्डपम्प को टीका पैहड़ ग्राम पंचायत सिंहवा में लगवाने का कृपा करें।

अजय कुमार,शाहपुर,कांगड़ा
सिंचाई एवं जन स्वास्थ्य

12. **चम्बा तीसा मैन सड़क से ग्राम लौणी–1 व लौणी–2 से शिव मन्दिर अकेला तक सड़क बनाने बारे।**

चम्बा तीसा मैन सड़क से ग्राम लौणी–1 एवं लौणी–2 से शिव मन्दिर अकेला तक सड़क बनवाने की कृपा करें। जिसकी आबादी 560 के करीव है इस सड़क पर अनुमानित लागत राशि तीन लाख रूपये के लगभग होगी।

**सोभिया राम, गांव लौणी,चम्बा**
**लोक निर्माण/उपायुक्त चम्बा**

**विभागीय उत्तर उपायुक्त चम्बाः–**खण्ड विकास अधिकारी चम्बा को निर्देश दिये गये कि कि प्रस्तावित कार्य का स्थल निरिक्षण करने के उपरान्त निरिक्षण रिपोर्ट व कार्य का प्राक्कलन तैयार कर इस कार्यालय को भेजें प्राक्कलन प्राप्त होने पर बजट अनुसार राशि स्वीकृत की जा सके।

13. **पक्का रास्ता/ड्रेन बनाने बारे।**
लौणी से शिव मन्दिर अनेला के बीच पनघट नाला है और यह शिव मन्दिर प्राचीन काल से है जैसे कि मनीमहेश भरमौर में मेला लगता है। उस टाईम यहां भी मेला लगता है। आने जाने के रास्ते की बहुत बड़ी समस्या है वहां पर ड्रेन तथा पक्का रास्ता बनाया जाए। इसकी अनुमानित लागत दो लाख रूपये है। यह कार्य जनहित में बहुत ही आवश्यक है।

**सोभिया राम, गांव लौणी,चम्बा**
**लोक निर्माण/उपायुक्त चम्बा**

**विभागीय उत्तर उपायुक्त चम्बाः–ः–**खण्ड विकास अधिकारी चम्बा को निर्देश दिये गये कि प्रस्तावित कार्य का प्राक्कलन तैयार कर इस कार्यालय को भेजे ताकि प्राक्कलन प्राप्त होने पर बजट अनुसार राशि स्वीकृत की जा सके।

14. **मकलोड़ गंज से चोला तक सड़क निर्माण बारे।**
मकलोड़ गंज से गांव चोला तक जो सड़क बनने जा रही है उसे शीघ्र अतिशीघ्र पूर्ण करवाने की कृपा करें।

**कैप्टन होशियार सिंह, मकलोड़ गंज,कांगड़ा**
**लोक निर्माण विभाग**

15. **चम्बा तीसा रोड़ एवं करोड़ी पुल के पास से चकलू तक सड़क निर्माण करने बारे।**
चम्बा तीसा रोड़ में करोड़ी पुल के पास पघरोटू नाम की जगह पड़ती है। वहां से बडोह चकलू तक सड़क निर्माण बनाने की कृपा करें। यह सड़क वाया चकलू पड़ती चम्बा भी आ सकती हैं इसमें हजारो की आवादी पड़ती है और 25–30 गांव इस सड़क का लाभ उठा सकेंगे। लोग पीठ पर वजन उठाकर 10–12 किलो मीटर पैदल आते जाते हैं। बड़ी समस्या है। यह एरिया 10 कि0मी0 वाया कहरेई,घरोट,हडयाजू,सडाला,नाला,भडोह होता हुआ बनता है। यह एक अत्यन्त महत्वपूर्ण कार्य है।

**जगदीश कुमार,करोड़ी,चम्बा**
**लोक निर्माण विभाग**

**16. गांव गुजरेड़ा ग्राम पंचायत मलां को सड़क सुबिधा से जोड़ने बारे।**

गांव गुजरेड़ा ग्राम पंचायत मलां जिला कांगड़ा नगरोटा बगवां में हम जनजाति के लोग रहते हैं। हम आज तक सड़क सुबिधा से बंचित है तथा पीने के पानी की गम्भीर समस्या है महोदय मलां से गढ़माता सड़क वाया गुजरेहड़ा बनाने की योजना है उसे शीघ्र अतिशीघ्र पूरा करने की कृपा करें। महोदय जी मलां से गांव गुजरेड़ा के बीच में लगभग एक सौ तीन मीटर भूमि ही वन विभाग की आएगी जिसमें पहले ही वन विभाग के द्वारा मार्ग बनाया गया है उसे भी पक्का करने की कृपा करें तथा गांव गुजरेड़ा से आगे गढ़माता तक एक हैक्टेयर वन भूमि की स्वीकृति शीघ्र अतिशीघ्र प्रदान करें ताकि हमारी वर्षो पुरानी समस्या हल हो सके।

**ओंकार सिंह गुजरेड़ा कांगड़ा**
**लोक निर्माण विभाग**

17. **रोपा नाला ग्राम पंचायत प्रौथा में चैक डैम/क्रेट वॉल लगवाने बारे।**
उक्त रोपा नाला में वर्षा के दिनों में बहुत जोरदार तेज बहाव से पानी आता है। उक्त नाले में आए पानी से पूर्व में तीन विभागों के पी0डब्ल्यू डी0,आई0पी0एच0 व ग्राम पंचायत के तीन पुल बह गए हैं जिससे सरकार को काफी नुकसान हुआ है व नाले के साथ लगती लोगों की जमीन व रास्ते भी बह गए हैं। महोदय अगर उक्त रोपा नाला में चैक डैम आदि का कार्य करवाया जाता है तो चैक डैम की वजह से पानी का तेज बहाव धीमा पड़ जाएगा और ऐसा कोई भी नुकसान नहीं होगा कि जिससे सरकार व स्थानीय लोगों को लाखों रू0 के नुकसान का सामना करना पड़े इस नाले पर चैक डैम/क्रेट वाल लगवाने के लिए 5 लाख रूपये अनुमानित खर्चा आने का अनुमान है।

**धर्म चन्द, साहो चम्बा**
**लोक निर्माण/उपायुक्त चम्बा**

**विभागीय उत्तर उपायुक्त चम्बाः**–खण्ड विकास अधिकारी चम्बा/उप मण्डल अधिकारी चम्बा को निर्देश दिऐ गये हैं कि प्रस्तावित कार्य का स्थल निरिक्षण करने के उपरान्त की गई कार्यवाही की रिर्पोट व कार्य का प्राक्कलन तैयार कर इस कार्यालय को भेजें ताकि प्राक्कलन प्राप्त होने पर बजट अनुसार राशि स्वीकृत कर दी जाऐगी।

**18. पटारनी नाला खच्चर सड़क का निर्माण करने बारे।**
गांव तुन्दाह में पटारनी नाला सड़क का बनाया जाना नितान्त आवश्यक है उक्त सड़क की लम्बाई 3 कि0मी0 तक है जिसके लिए 5–6 लाख रूपये का प्रावधान की आवश्यकता है इस सड़क पर 500 तक की आबादी एवं 100 तक मवेशी घोड़ा खच्चर निर्भर करते हैं।

**भीम सेन,तुन्दाह चम्बा**
**लोक निर्माण/उपायुक्त चम्बा**

**विभागीय उत्तर उपायुक्त चम्बाः**–अतिरिक्त जिला दण्डाधिकारी भरमौर को निर्देश दिऐ गये कि प्रस्तावित कार्य का निर्माण करने के उपरान्त जन जातीय विकास विभाग को व इस कार्यालय को अवगत करवाना सुनिश्चित करें।

19. **पक्की गलियों के अधूरे कार्य को पूर्ण करने तथा भांदल में वर्षा शालिका का निर्माण करने बारे।**
हमारे पुढ़न गांव में जो पक्की गलियां बनाई जा रही है उनका कार्य अधूरा है। जगह–जगह कीचड़ से सनी सड़क है उसे सही ढंग से पक्का किया जाए। तथा भांदल

में सड़क किनारे रेन शैटर  बनवाने की कृपा करें। ताकि वारिष तथा भारी बर्फ में बस पकड़ने के लिए  सवारियों को भीगना न पड़े कृप्या रैन शैटर बनवाया जाए।

**ज्ञान चन्द कपूर,पुढ़न,चम्बा**
**लोक निर्माण/पंचायती राज विभाग**

20. **लिंक रोड़ फटाहर हरेड़ वाया तरस सड़क के अधूरे कार्य को पूर्ण करने बारे।**
लिंक रोड़ फटाहर हरेड़ वाया तरस सड़क का अधूरा पड़ा हुआ है। इस सड़क का काफी हिस्सा बन गया है तथा कुछ हिस्सा बनना शेष है लेकिन इस समय कार्य बन्द पड़ा है इस सड़क के कार्य को यथाशीघ्र जनहित में पूर्ण किया जाना अति आवश्यक है इसलिए उक्त कार्य शुरू करके पूर्ण करने की कृपा करें क्योंकि गांव तरस के लिए परिवहन की कोई सुविधा नहीं है। इस कार्य को पूर्ण हो जाने से बैजनाथ,पपरोला नजदीक पड़ेगा तथा स्थानीय जनता को भारी लाभ होगा।

**जगत  राम,फटाहर,कांगड़ा**
**लोक निर्माण/उपायुक्त कांगड़ा**

21 **उतराला होली सड़क के निर्माण बारे**
महोदय उपरोक्त सड़क को बनाये जाने की प्रार्थना कई बार पहले भी की जा चुकी है। यह सड़क बैजनाथ पपरोला तथा हमारे समस्त उपरी क्षेत्र को होली भरमौर से जोड़ती है। हमारा उपर नीचे आना जाना निरन्तर रहता है क्योंकि जो गद्दी समुदाय के लोग जिला कांगड़ा में रहते है बे भरमौर व होली से ही यहां आकर रहते हैं और हमारा आना जाना निरन्तर बना रहता है इस सड़क के बन जाने से टूरिजम को भी बढ़ावा मिलेगा क्योंकि बीच में परई तथा जांलसू इत्यादि बहुत प्राकृतिक सौन्दर्य वाले स्थान हैं जिससे स्थानीय गरीब व बेरोजगार युवकों को रोजगार के साधन उपलब्ध होंगे।

**जगत राम,फटाहर,कांगड़ा**
**लोक निर्माण विभाग**

22 **जूल चामुण्डा मार्ग के निर्माण हेतु बजट का प्रावधान करने बारे।**
गद्दी कल्याण बोर्ड की माननीय सदस्या श्रीमति रेखा देवी,श्री जगदीश राम,श्री तुला राम कपूर,व श्री विजय भट्ट क्षेत्रिय प्रधान गद्दी यूनियन श्री प्रेम सागर तत्कालिक मैम्वर जिला परिषद् धर्मशाला द्वारा 23—09—2015 को राष्ट्रीय जनजातीय आयोग के समक्ष रखा गया लोक निर्माण विभाग ने भू—मालिकों से अनापति प्रमाण पत्र मांगा जो 22—01—2016 को  लोक निर्माण विभाग का सौंपा गया। वन भूमि की कार्यवाही हिमाचल प्रदेश सरकार को करनी है। निजी भूमि में हुए डेढ किलो मीटर को स्तरोन्नत किया जा सकता है जिसके लिए लोक निर्माण विभाग को प्राक्कलन बनाना पड़ेगा यदि फिलहाल यह भाग जो डेढ कि0मी0 के करीव बनता है तो जूल,करड़ियाना पद्दर व टंग पंचायत में रहने वाले जनजातियों को कुछ राहत मिल जाएगी। अतः बुटेल Tea Estate बडोई तैहसील धर्मशाला में भू—मालिकों द्वारा दिए गए अनापति के वाद यह भाग तत्काल बनाया जाए।

**शुभकरण कपूर,खनियारा, कांगड़ा**
**लोक निर्माण/वन विभाग**

23. **गांव सुरपड़ा से तला तक सर्वे करवाने बारे।**
15वीं बैठक की मद संख्या—1 के मुताविक जो उत्तर लोक निर्माण विभाग की तरफ से मिला है वो सरासर झूठ है। जिसमें विभाग ने बताया है कि गांव तला को सड़क

सुविधा से जोड़ा जा चुका है। 40 मीटर लम्बे पुल का कार्य प्रारम्भ कर दिया है। अभी तक गांव सुरपड़ा से आगे तला तक कोई सर्वे नहीं हुआ है। सर्वे करवाने के आदेश दिये जाएं।

**डुमणू राम, भटियात,चम्बा**
**लोक निर्माण विभाग**

**24. विभिन्न मांगें**

i डोरेण्डनाला से दड़ोगा तक एम्बूलैंस सड़क वनवाने के लिए 20,00,000 की राशि उपलब्ध करवाने की कृपा करें

ii कंट्रीरिजोर्ट से पुखरी तक जीप योग्य सड़क वनबाने के लिए 10,00,000 की राशि उपलब्ध करवाने की कृपा करें।

**मनोज कुमार,सिंघी,चम्बा**
**लोक निर्माण/ उपायुक्त चम्बा**

**विभागीय उत्तर उपायुक्त चम्बाः**—अधिशासी अभियन्ता लोक निर्माण अधिकारी चम्बा को निर्देश दिये गये हैं कि प्रस्तावित कार्य का निर्माण वित्तीय वर्ष 2017—18 में पिछड़ा क्षेत्र उपयोजना (BASP) के अन्तर्गत वार्षिक योजना में सम्मितित करना सुनिश्चित करें ताकि बजट के आधार पर राशि स्वीकृत की जरा सके।

**25. ग्राम पंचायत मंझग्रां विकास खण्ड रैत में रास्ते के निर्माण के लिए धनराशि उपलब्ध करवाने बारे।**

ग्राम पंचायत मंझग्रां विकास खण्ड रैत में रास्ते का निर्माण होना है जिसके लिये लगभग 300000 (तीन लाख रूपये) खर्च होने हैं। अतः महोदय से प्रार्थना है कि उक्त रास्ते के निर्माण करने बारे राशि स्वीकृत करने की कृपा करें।

ग्राम पंचायत रैत में वार्ड न0—6 में एक बहुत पुराना रास्ता है जिसमें भेड़ पालक अपने मवेशियों सहित आते जाते है जिसका निर्माण होना बहुत जरूरी है। अतः महोदय से प्रार्थना है कि इस रास्ते के निर्माण के लिए 3,50,000 तीन लाख पचास हजार रूपये स्वीकृत करवाने की कृपा करें

**अजय कुमार,शाहपुर,कांगड़ा**
**लोक निर्माण/उपायुक्त कांगड़ा**

**26. धार्मिक स्थलों को पर्यटन की दृष्टि से विकसित करने बारे।**

हमारे ईलाके में कई ऐसे धार्मिक स्थल है जहां पर जन जातीय समुदाय के लोग रह रहे हैं तथा पर्यटन की दृष्टि से अत्यन्त महत्वपूर्ण हैं परन्तु इन पर्यटन स्थलों तक पहुंचने के लिए सड़कों का होना अति आवश्यक है। इसमें से एक धार्मिक पर्यटन स्थल वीरनी,गढ़माता है परन्तु इस स्थल पर पंहुचने के लिए रास्ते का आभाव है। अतः माननीय मुख्य मन्त्री महोदय जी से मेरी विनम्र प्रार्थना है कि इस स्थल तक पहुंचने के लिए मुख्य सड़क गलू से वीरनी गढ़ माता जिसकी लम्बाई लगभग चार कि0मी0 है पक्का रास्ता बनाने के लिए बजट का प्राबधान किया जाए ताकि इस धार्मिक स्थल को पर्यटन की दृष्टि से विकसित किया जा सके यह धार्मिक स्थल ग्राम पंचायत चन्दपुर के अन्तर्गत आता है।

कमला देवी,पालमपुर,कांगड़ा
लोक निर्माण/पर्यटन/भाषा कला संस्कृति

27. **करोड़ी स्कूल चम्बा को अपग्रेड करने बारे।**
करोड़ी स्कूल जो जिला चम्बा में है को आठवीं से दसवीं तक करने की कृपा करें जो जनहित में बहुत ही जरूरी है।

जगदीश कुमार,करोड़ी,चम्बा
प्रारम्भिक शिक्षा/उच्च शिक्षा

28. **राजकीय माध्यमिक पाठशाला बलेरा को हाई स्कूल करने बारे।**
गांव पंचायत पलुहीं जिला चम्बा में राजकीय मिडल स्कूल बलेरा को हाई स्कूल करने हेतु अनुरोध है कि उक्त पाठशाला में छात्रों के नामांकन को देखते हुए इस पाठशाला को हाई स्कूल करना अति अनिवार्य है। इस समय पाठशाला के छात्रों की संख्याः 94 है तथा ब्रेहा स्कूल को मिडल स्कूल का दर्जा दिया जाए।

चैन लाल,राजपुरा,चम्बा
उच्च शिक्षा/प्रारम्भिक शिक्षा विभाग

29. **राजकीय पाठशाला गुज्जर नालां को धनराशि उपलब्ध करवाने बारे।**
राजकीय पाठशाला गुज्जर नालां जो वर्ष 2013 –14 में माननीय मुख्य मन्त्री महोदय ने अपग्रेड किया था। यह स्कूल प्राईमरी स्कूल के कमरे में तथा नई वस्ती जंगल थवाकौर तथा भदरोआ के जंजधर में ही चल रहा है इस अपग्रेड स्कूल में आज दिन तक कोई भी फर्नीचर कुर्सी मेज तथा अलमारी का बन्दोवस्त नहीं है। इसलिए महोदय जी से विनम्र अनुरोध है कि हमारे सामुदायिक भवन को सुचारू रूप से चलाए रखने के लिये धनराशि उपलब्ध करवाने की कृपा करें तथा साथ ही शिक्षा विभाग को स्कूल का कमरा तथा कार्यालय बनाने के लिए धनराशि उपलब्ध करवाने की कृपा करें।

धर्म चन्द,भदरोआ,नूरपुर कांगड़ा
प्रारम्भिक शिक्षा/उच्च शिक्षा

30. **जन जातीय भवन दाड़ी में बाउॅडरी वॅाल लगाने व बावर्ची व हैल्पर की नियुक्त करने बारे।**
सरकार द्वारा निर्मित जन जातीय भवन दाड़ी निसंदेह जनजातीय व अन्य लोगों के लिए एक बहुत बड़ा उपहार है लेकिन इस भवन को वाउॅडरी वाल लगाना अति आवश्यक है तथा इस भवन हेतु एक बावर्ची व हैल्पर नियुक्त किया जाए ताकि यहां ठहरने वाले लोगों को खान पान की सुविधा मिल सके तथा साथ ही खाली पड़ी जगह में कच्ची रसोई का निर्माण करवाना अति आवश्यक है जिससे लोग विवाह शादियों के लिए कच्ची रसोई का निर्माण करवाना अति आवश्यक है जिससे लोग विवाह शादियों में धाम का आयोजन कर सकें। इससे सरकार को राजस्व भी प्राप्त होगा।

संतोख सिंह पठानिया,धर्मशाला,कांगड़ा
लोक निर्माण

31. **डाक्टर राजेन्द्र प्रसाद मैडिकल कालेज में जन जातीय भवन का निर्माण करने बारे।**

डाक्टर राजेन्द्र प्रसाद मैडिकल कालेज में जन जातीय भवन का निर्माण करवाया जाना अति आवश्यक और सराहनीय कार्य है। जिससे बिमारी से ग्रस्त मरीजों के साथ आए परिजनो,सम्बन्धियों के ठहरने की उचित ब्यवस्था हो पाएगी। श्री मान जी प्रदेश के दुर्गम पहाड़ी क्षेत्रों के वाशिदों को आए दिन गम्भीर परेशानियों का सामना करना पड़ता है। जिला चम्बा ,कांगड़ा,भटियात,धर्मशाला,ऊना,हमीरपुर एवं मण्डी के जनजातीय वर्ग के लोग अक्सर गर्मी एवं सर्दी के मौसम में जमीन पर सोकर ही मजबूरी में समय ब्यतीत करते हैं। ठहराव के अभाव के कारण लोगों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है।

**मदन लाल भरमौरी, जसूर,कांगड़ा**
**स्वास्थ्य**

**32. छात्रावास का उद्वघाटन करने बारे।**

नूरपुर सिंचाई एवं जन स्वास्थ्य विभाग चौगान स्थित 60 छात्रों के लिए जन जातीय छात्रावास की ईमारत वर्ष 2010 में वनकर तैयार है लेकिन 6 वर्ष बीत जाने के पश्चात आज दिन तक इस छात्रावास का उद्घाटन नहीं हो पाया है। महोदय वर्ष 2010 में तत्कालीन भाजपा सरकार ने इस छात्रावास को नूरपुर चौगान स्टेडियम के र्स्पोटस होस्टल में तबदील करने की घोषणा की थी जिसका हमने विरोधवास किया था। अन्त में भाजपा को अपना निर्णय वापिस लेना पड़ा था लेकिन अब अपनी ही सरकार के शासन में प्रशासन के उच्चाधिकारियों ने इस छात्रावास में पशुचिक्त्सिालय,नापतोल विभाग प्रदूषण बोर्ड के कार्यालय खोल दिए हैं और अव इस छात्राावास में नशा निवारण केन्द्र खोलने की तैयारी में प्रशासन जुट गया है। इस कृत्य से जनजातीय वर्ग के छात्रों के अधिकार का प्रशासन सरेआम हनन कर रहा है। समय–समय पर जिलाधीश कांगड़ा,उपमण्डलाधिकारी नागरिक नूरपुर को आपति भी दर्ज करवाई गई है लेकिन इस बारे कोई भी कार्रवाई अमल में नहीं लाई गई आप से प्रार्थना है कि शीघ्र इन कार्यालयों को हटाया जाए जिससे जनजातीय छात्र लाभावित हो पाये।

**मदन लाल भरमौरी,जसूर,कांगड़ा**
**सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता**

**33 गांव तुगली –1 व गांव भड़ोह तक सड़क का निर्माण करने बारे।**

ग्राम पंचायत के गांव तुगली–1 व गांव भड़ोह नामक स्थान पर सड़क का निर्माण करने की कृपा करें। मुख्य सड़क गैला,गत्याणु,बगोड़ी से जो पैदल रास्ता तुंगली को जाता है वहां से गांव तुंगली व गांव भड़ोह तक सड़क का निर्माण अति आवश्यक है इस सड़क से लगभग 200 परिवार लाभान्वित होंगे। महोदय से अनुरोध है कि इस सड़क का निर्माण वन विभाग द्वारा करवाया जाए ताकि वन विभाग इस कार्य में बाधा न डाल सके।

**चैन लाल,राजपुरा,चम्बा**
**वन विभाग / उपायुक्त चम्बा**

**विभागीय उत्तर उपायुक्त चम्बाः–**वन मण्डल अधिकारी चम्बा को निर्देश दिये गये कि प्रस्तावित कार्य का कार्य अति शीघ्र पूरा करवाऐं तथा इस हेतु वन विभाग की पूर्ण मद्द की जाएगी।

**34 लैंटाना घास को समाप्त करने बारे।**

सरकार द्वारा लैंटाना विषैली घास उन्मूलन कार्यक्रम बहुत अच्छा कदम है इसे निरन्तर जारी रखा जाना चाहिए ताकि लैंटाना व पंजफूली ( कंटीली झाड़ियां ) के उन्मूलन से

घास उगेगी  व प्रदेश के भेड़ पालकों को भेड़पालन सुविधा मे प्रोत्साहन मिलेगा व प्रदेश की आर्थिक स्थिति मजवूत होगी व पशुओं के लिए भी अधिकता में हरा घास उपलब्ध होगा।

**संतोख सिंह पठानिया,धर्मशाला,कांगड़ा**
**वन विभाग**

**35 सीनियर सैकैण्डरी स्कूल भांदला से पुढ़न व सुआं गांव तक पक्का रास्त निर्माण करने बारे।**

सीनियर सकैण्डरी स्कूल भांदला से पुढ़न व सुआं गांव तक पक्का पाथ का निर्माण करवाया जाए ताकि हमारे गांव से स्कूल को आने जाने के लिए बच्चों को कच्ची सड़क व उबड़ खावड़ सड़क से न गुजरना पड़े और अच्छी सड़क बन जाने से बच्चे दुर्घटना से भी बचे।

**ज्ञान चन्द कपूर,पुढ़न,चम्बा**
**पंचायती राज/ग्रामीण विकास/  उपायुक्त चम्बा**

**विभागीय उत्तर उपायुक्त चम्बाः**—खण्ड विकास अधिकारी सलूणी को निर्देश दिऐ गये है कि प्रस्तावित कार्य का कार्य काप्राक्कलन तैयार कर इस कार्यालय को भेजे ताकि प्राक्कलन प्राप्त होने पर बजट अनुसार राशि स्वीकृत कर दी जाएगी।

**36 आयुर्वेदिक डिस्पैसरी दयोथ को फटाहर स्थानान्तिरत करने बारे।**
ग्राम पंचायत दियोथ में माननीय मुख्य मन्त्री महोदय की अपार कृपा से प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र प्राईमरी हैल्थ सैन्टर खोला गया है इसके लिए मान्यवर का हार्दिक धन्यावाद करते हैं स्वास्थ्य केन्द्र खुल जाने से स्थानिय जनता को बहुत लाभ हुआ है इसके साथ ही एक आर्युर्वेदिक डिस्पैंसरी दयोल में पहले से ही कार्यरत है गांव फटाहर में अधिकतर 80 प्रतिशत आबादी गद्दी लोगों की है इसलिए उक्त आयुर्वैदिक डिस्पैसरी फटाहर गांव में स्थानान्तरित की जाए क्योंकि गांव फटाहर व तरस में कोई भी स्वास्थ्य सुबिधा नहीं है।

**जगत राम, फटाहर कांगड़ा**
**आयुर्वैदिक विभाग**

**37 ग्राम पंचायत बकाणी में पटवार क्षेत्र बकाण के भवन की चार दिवारी लगाने बारे।**
पटवार क्षेत्र चारो तरफ से खुले होने की बजह से माल मुवैशी अन्दर पटवार भवन में चले जाते है जिसके कारण नुकसान होता है। अतः चार दिवारी लगाया जाना अति आवश्यक है जो कि स्थानीय लोगों के हित का कार्य है।

**जोगिन्द्र पाल,वकाणी,चम्बा**
**राजस्व/उपायुक्त चम्बा**

**विभागीय उत्तर उपायुक्त चम्बाः**—खण्ड विकास अधिकारी मैहला को निर्देश दिऐ गये है कि प्रस्तावित कार्य का प्राक्कलन तैयार कर इस कार्यालय को भेजें ताकि प्राक्कलन प्राप्त होने पर बजट अनुसार राशि स्वीकृत कर दी जाएगी।

**38 सर्कल रेटों को निपटाने हेतु कमेटी गठित करने बारे।**

उपमण्डल स्तर पर कमेटी गठित करे व मुहाल सुरपड़ा व साथ लगते मुहाल टिकरी को सर्कल रेटों को पुनः निर्धारित किए जाने हेतु अपनी रिपोर्ट भेजें इस बारे में अबगत करवायें कि क्या रिपोर्ट आई है अभी तक सर्कल रेट जैसे के तैसे है।

**डुमणू राम,भटियात,चम्बा**
**राजस्व/उपायुक्त चम्बा**

**विभागीय उत्तर उपायुक्त चम्बाः–** जिला राजस्व अधिकारी चम्बा को निर्देश दिऐ गऐ कि इस मद हेतु उचित कार्यवाही करने उपरान्त जन जातीय विकास विभाग को व इस कार्यालय को अवगत करवाना सुनिश्चित करें।

39 **सरकारी अथवा गैर सरकारी कम्पनियों के टावर लगवाने बारे।**

पंचायत सुरपड़ा का सर्वेक्षण 2015–16 व 2016–17 में करवाया जाएगा अगर तकनीकी एवं आर्थिक रूप से टॉवर लगवाना अनिवार्य हुआ तो नया टॉवर लगाया जा सकता है। आज तक विभाग का कोई सर्वेक्षण नहीं हुआ है।

**डुमणू राम,भटियात,चम्बा**
**सामान्य प्रशासन/ सूचना एवं प्रोद्यौगिकी/दूरसंचार निगम**

40 **विभिन्न कार्यो हेतु धनराशि उपलब्ध करवाने बारे।**

| | |
|---|---|
| i सामुदायिक भवन कोहलड़ी | 9,00,000/– |
| ii कोहलड़ी में पक्की सड़क व प्रो0 वर्क काली माता मन्दिर से चीरी का बण्ड | 10,00000/– |
| iii रॉक गार्डन कोहलड़ी खड्ड | 16,00,000/– |
| iv खेल का मैदान प्राथमिक पाठशाला औड़ा | 8,00,000 /– |

**सुनील कुमार,कोहलड़ी,चम्बा**
**जातीय विकास,लोक निर्माण,भाषा कला संस्कृति,**
**प्राथमिक शिक्षा,उपायुक्त चम्बा**

**विभागीय उत्तर उपायुक्त चम्बाः**– खण्ड विकास अधिकारी मैहला को निर्देश दिऐ है कि प्रस्तावित कार्य का निर्माण VMJS/MNREGA के अन्तर्गत प्राथमिकता के आधार पर करवाना सुनिश्चित करें। अगर कार्य का निर्माण पूर्ण नहीं होता तो शेष बची राशि को SDP Head से स्वीकृत किया जाएगा।

41. **ग्राम पंचायत बड़सर बार्ड –4 में पंचायत भवन बनाने बारे।**

बड़सर बार्ड –4 जो कि बहुत ही वड़ा बार्ड है इसमें पंचायत भवन बनाना अति आवश्यक है क्योंकि यहां के लोगों को बड़ी मुश्किलों का सामना करना पड़ता है।

**कृष्ण कुमार,पालमपुर,कांगड़ा**
**पंचायती राज विभाग**

42. **ग्राम पंचायत चन्दपुर में श्री जख्णी माता मन्दिर हेतु दूसरी किस्त जारी करने बारे।**

ग्राम पंचायत चन्दपुर में श्री जख्णी माता मन्दिर स्थित है इस मन्दिर में सराय के निर्माण हेतु माननीय मुख्य मन्त्री महोदय द्वारा दस लाख रूपये स्वीकृत किए गये थे जिसकी पहली किस्त लगभग पांच लाख रूपये जारी कर दी है और सराये के निर्माण पर खर्च कर दी गई है। अतः महोदय जी से अनुरोध है कि विकास की दूसरी किस्त जल्द से

जल्द जारी करने हेतु विभाग को आदेश किए जाएं ताकि अधूरा कार्य पूरा किया जा सके।

**कमला देवी,पालमपुर,कांगड़ा**
**पंचायती राज/ ग्रामीण विकास/ उपायुक्त कांगड़ा**

43 **प्राईवेट पावर प्रोजैक्टों में स्थानीय लोगों को 70 प्रतिशत रोजगार दिलवाने बारे।**
ग्राम पंचायत बड़सर में इस समय तीन प्रोजैक्ट चले हुए हैं लेकिन इन प्रोजैक्टों में ज्यादातर लोग बाहर के रखे हुए हैं:–

i प्रोजगी प्रोजैक्ट बनेर

ii लैंको प्रोजैक्ट बनेर

iii खपरू नाला पावर प्रोजैक्ट

इनमें से पावर प्रोजैक्टों ने बिजली बनाना शुरू कर दिया है तथा इसके लिए ग्राम पंचायत वड़सर के कुछ लोग 4000 रू0 महीने पर रखे हैं और बाहर के लोगों को 30,000 रूपये महीना दिया जा रहा है। अतः इसके लिए कार्यवाही करना अति आवश्यक है।

**कृष्ण कुमार,पालमपुर,कांगड़ा**
**विद्युत/ऊर्जा विभाग**

**44. बार्ड न0–1 डुहग ग्राम पंचायत चन्दपुर में सामुदायिक भवन बनाने बारे।**
वार्ड न0–1 डुहग ग्राम पंचायत चन्दपुर में स्थित है। इस बार्ड में शत प्रतिशत लोग गद्दी समुदाय के रहते हैं जिनकी जनसंख्या लगभग चार सौ के करीब है यहां पर सामुदायिक भवन का निर्माण होना अनिवार्य है। अतः माननीय मुख्य मन्त्री महोदय जी से अनुरोध है कि इस भवन के निर्माण के लिए लगभग 3.50 लाख रूपये स्वीकृत करने की कृपा करें।

**कमला देवी,पालमपुर,कांगड़ा**
**ग्रामीण विकास/उपायुक्त कांगड़ा**

45. **गुणी नामक स्थान पर शमशानघाट बनाने बारे।**
गांव तुन्दाह में गुणी नामक स्थान पर शमशानघाट की सख्त जरूरत है जिसके लिए 5 लाख रूपये के प्रावधान की आवश्यकता है। उक्त शमशानघाट पर 400 से 500 तक की आबादी निर्भर है।

**भीम सेन,तुन्दाह चम्बा**
**वन/उपायुक्त चम्बा**

**विभागीय उत्तर उपायुक्त चम्बा:**–अतिरिक्त जिला दण्डाधिकारी भरमौर को निर्देश दिऐ गये कि प्रस्तावित कार्य का निर्माण करने के उपरान्त जन जातीय विकास विभाग को व इस कार्यालय को अवगत करवाना सुनिश्चित करें।

46 **गांव पंचायत किड़ी में गांव सरोल से लेकर खलनेरा तक सुरक्षा दिवार लगाने बारे।**
गांव पंचायत सरोला से लेकर खलनेरा तक रास्ता जोकि दो पंचायतों किड़ी व गुवाडु के 30 गांवों को जिला मुख्यालय,ब्लाक,पंचायत मुख्यालय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला अस्पताल प्राईमरी पाठशालाओं को जोड़ता है जिस पर लगभग

( 10,00,000 /—दस लाख रू0) खर्चा आने का अनुमान है और लगभग 4000 लोग इस रास्ते से आते जाते हैं। अतः इस रास्ते के बीच—बीच में ऐसी जगह है जहां रास्ता वहुत खराब है जहां नीचे ढांक है और नाला है जहां से हमेशा गिरने का खतरा रहता है। जानमाल का नुकसान होता रहता है पशु मवेशी का तो कई बार नुक्सान हो चुका है। निवेदन है कि इन स्थानों पर सुरक्षा दिवार तथा एंगल लगाये जाना अति आवश्यक है ताकि लोग सुरक्षित रह सकें।

**जग्गो राम, किड़ी,चम्बा**
**उपायुक्त चम्बा**

47 **गांव पल्यूर से सरकारी रॉशन डिपो तक पक्के रास्ते का निर्माण करने बारे।**
गांव पल्यूर से सरकारी डिपो तक का रास्ता बहुत ही खराव है। यह मुख्य मार्ग है छोटे—छोटे बच्चों को स्कूल आने जाने में काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। अतः महोदय से प्रार्थना है कि उक्त कार्य के लिए धनराशि उपलब्ध करवाने की कृपा करें।

**जितेन्द्र सिंह, प्लयूर चम्बा**
**वन / उपायुक्त चम्बा**

48. **चुवाड़ा नाला में चैक डैम लगवाने बारे।**
भारी बरसात के कारण चुवाडा नाला में भारी बरसात के कारण पानी का बहाव बढ़ जाता है जिसके कारण लोगों की जमीन का कटाव होता रहता है जिससे लोगों की जमीन को भारी नुकसान हो रहा है। अतः महोदय से विनम्र निवेदन है कि चुवाड़ा नाला में चैक डैम लगवाने की कृपा करें आपकी महान कृपा होगी।

**देविन्द्र कुमार प्लयूर, चम्बा**
**सिंचाई एवं जन स्वास्थ्य /उपायुक्त चम्बा**

49. **ऊंआना से शमशान घाट तक पक्का रास्ता बनाने बारे।**
इस स्थान का रास्ता बहुत ही खराव है क्योंकि यहां पर गांव का शमशान घाट है यहां से लोगों का आना जाना लगा रहता है इसलिये महोदय जी शमशान से ऊंआना तक रास्ते को बनाकर पक्का किया जाए ताकि लोगों को दिक्कत का सामना न करना पड़े।

**देविन्द्र कुमार प्लयूर, चम्बा**
**वन/उपायुक्त चम्बा**

**50.** **जहरीली घास हटाने बारे ।**
भेड पालकों के ट्रेक पर लेटिना व अन्य जहरीली घास का सफाया किया जाये ताकि उनकी भेड बकरियों को चारा उपलब्ध हो सके व दुर्घटना से बचाया जा सके ।

**मनोज कुमार नाडी, धर्मशाला**
**वन विभाग**

**51.** **जमीन को एक्सचेंज करने बारे ।**

बहुत से ऐसे लोग जाने अनजाने व कानून के जानकारी के अभाव में अपनी जमीन होते हुए तीन —तीन पिडियों से अपनी जमीन के साथ लगती सरकारी जमीन पर लागों ने

मकान व घुराल बनाये है । खामियाजा आज की पीढी भुगत रही है जमीन को एक्सचैंज करके उन्हें विस्थापित होने से बचाने की कृपा करें ।

**मनोज कुमार नाडी, धर्मशाला**
**वन विभाग**

**51. राजकीय माध्यामिक पाठशाला फगोट का दर्जा बढाने बारे ।**

राजकीय माध्यामिक पाठशाला फगोट जोकि भटियात क्षेत्र के अंतर्गत आती है उसका दर्जा बढाकर उच्च विद्यालय बनाना नितांत आवश्यक है क्योंकि बच्चों को नवमी एवं दसवीं की पढाई के लिए लगभग आठ किलो मीटर रायपूर जाना पडता है ।

**तिलक राज, चेली, चम्बा**
**वन विभाग**

**52. टी0जी0टी का रिजल्ट घोषित करने बारे ।**

अक्तूबर,2015 को बैचवाईज वार्ड एक्स सर्विसमेन कोटे के अन्तर्गत साक्षातकार हुआ था जिसमें हमारे गद्दी समुदाय के दूरदराज क्षेत्रों के लोगों ने साक्षात्कार दिया था परन्तु आज दिन तक उसका परिणाम नहीं निकला है । उन्होंने समय–समय पर इसके बारे में आवाज उठाई है परन्तु आज दिन तक इंतजार में बैठे हैं ।

**तिलक राज, चेली, चम्बा**
**उच्च शिक्षा विभाग**

**53. आंगनवाडी केन्द्र खोलने बारे ।**

सलूणी पंचायत के गांव कैमली में आंगनवाडी केन्द्र खोलने बारे पिछली बैठक में आग्रह किया था जोकि लम्बित है । इस पूरे गांव में अनुसूचित जन–जाति के लोग रहते हैं । यहां पहले बाल–बाडी केन्द्र था जिसे अब सरकार के आदेशों से बंद कर दिया है । जिससे यहां पढने वाले छोटे बच्चों के लिए भारी परेशानी हो रही है । अतः महोदय से विनम्र निवेदन है कि यहां पर आंगनवाडी केन्द्र की स्वीकृति जल्द से जल्द करवाकर अपना आर्शीवाद दें । इस केन्द्र के खुलने से लगभग 20 से 25 बच्चों को लाभ होगा ।

**चेतरो राम, सलूणी, चम्बा**
**सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग**

**54. गाडी का नम्बर प्लेट बनवाने बारे ।**

सलूणी में उप–मण्डल अधिकारी का दफतर खुले हुए लगभग तीन वर्ष हो चुके हैं परन्तु यहां गाडियों की नम्बर प्लेट तैयार नहीं की जाती है जिससे लोगों को गाडी का न0 सलूणी से लेकर नम्बर प्लेट बनवाने के लिए चम्बा जाना पडता है । अतः जनाब से

निवेदन है कि उपरोक्त कार्यालय में यह सुविधा प्रदान करने की कृपा करें ।

**चेतरो राम, सलूणी, चम्बा**
**परिवहन विभाग**

**55. पीने के पानी व सिंचाई के लिए धनराशि उपलब्ध करवाने बारे ।**

ग्प्रम पंचायत थल्ला के वार्ड न0 2 रजनाली में पीने के पानी की बडी समस्या है केवल एक घण्टा ही पानी लोगों को मिलता है । जब की इस पंचायत से न्यूगल खड्ड निकलती है जोकि आस पास के क्षेत्रों में पीने के पानी व सिंचाई की आवश्यकता को पूरी करती है । अध्यक्ष महोदय से निवेदन है कि ग्राम पंचायत थल्ला को लगभग पांच लाख रूपए उपलब्ध करवाने की कृपा करें ताकि पंचायत अपने सतर पर पानी की स्कीम बना सके ।

**कुलदीप कपूर, थल्ला, कांगडा**
**सिंचाई एवं जन स्वास्थ्य विभाग**

**56. डिपिंग टैंक बनाने बारे ।**

कन्डवाडी में पशु अस्पताल के पास जहां पर पानी की कुहल की सुविधा भी है वहां पर भेडों को नहलाने के लिये एक डिपिंग टैंक बनाने की जनहित में अतिआवश्यक है ।

**मेहर चन्द राणा ,सपैडू पालमपुर, कांगडा**
**पशुपालन विभाग**

**57. परमिट सुविधा उपलब्ध करवाने बारे । ।**

गद्दी परिवार के नौजवान बेरोजगारों को अपना भेड बकरी का व्यवसाय करने के लिये परमिट की सुविधा दी जाए ताकि वह अपना रोजगार कमा सके ।

**मेहर चन्द राणा ,सपैडू पालमपुर, कांगडा**
**वन विभाग**

**58. सडक बनवाने बारे ।**

हिमाचल प्रदेश लोक निर्माण विभाग मण्डल भरमौर जिला चम्बा , जिसका हडसर से सरकाओ बस योग्य सडक जो कि फर्कू तक हडसर की ओर से बन चुकी है । दूसरी तरफ से सरकाओ नाले तक सडक बन चूकी है जिस में बस सेवा भी शुरू हो चूकी है । सरकाओ से फर्कू तक लगभग दो या तीन किलो मीटर बस योग्य सडक का कार्य लगभग पांच वर्षों से कार्य बंद पडा हुआ है । अगर यह सडक बस योग्य बन जाती है तो हडसर से से सरकाओ , भरमौर के लिए मणिमहेश यात्रियों को वन वे सडक सुविधा मिल जाएगी । मणिमहेश यात्रा के समय ट्रेफिक जाम से छुटकारा मिल जायेगा इस

सडक को बनने से लगभग छः पंचायतों को इस का लाभ मिलेगा । इस सडक को सरकार तुरन्त प्रभाव से कार्य करने के आदेश विभाग को देने की कृपा करें ताकि नव वर्ष की मणिमहेश यात्रा के समय सडक का कार्य पूरा हो जाये ।

**जोगिन्द्र कुमार हडसर ,भरमौर ,चम्बा**
**लोक निर्माण विभाग**

**59. जन –जातीय का दर्जा उपलब्ध करवाने बारे ।**

तहसील भरमौर की पंचायत हडसर का गांव जो कि अनुसूचित जनजाति क्षेत्र भरमौर में पडता है पर मात्र हडसर गांव के निवासी जिन्हें अनुसूचित जन जाति का दर्जा प्राप्त नहीं है । हडसर गांव अति पिछडे क्षेत्र में पडता है जहां सर्दियों में भारी वर्फवारी होती होती है जिस कारण गांव का सम्पर्क अन्य क्षेत्र से सम्पर्क टूट जाता है एवं अति समस्यों का सामना करना पडता है । इन सभी समस्याओं को ध्यान में रखते हुए सरकार हडसर गांव को अनुसूचित जनजातीय दर्जा दिलवाने के लिए केन्द्र सरकार के समक्ष यह मामला उठाए । पहले भी इस विषय को बहुत बार सरकार के ध्यान में लाया गया है पर कोई भी कार्यवाही जिस पर आज तक अमल नहीं हुआ है । सरकार से निवेदन है कि इस विषय पर लोगों के हितों को ध्यान में रखते हुए तुरन्त कार्यवाही अमल में लाई जाए ।

**जोगिन्द्र कुमार हडसर ,भरमौर ,चम्बा**
**राजस्व ⁄ उपायुक्त चम्बा**